# 10

# स्लाइड लेआउट के साथ काम करना (Working with Slide Layouts)

## उद्देश्य(Objectives)

इस लेसन के अन्त में आप जान पाएँगे :

- अपने प्रेजेन्टेशन में पिक्चर्स इन्सर्ट करना।
- अपनी स्लाइड्स में टाइटल्स इन्सर्ट करना।
- कॉलम्स और टेबल्स के साथ प्रेजेन्टेशन बनाना।
- प्रेजेन्टेशन सेव करना।

Power Point प्रेजेन्टेशन में आप पिक्चर्स और टेबल्स भी जोड़ सकते हैं। पिक्चर्स और टेबल्स जुड़ने के बाद आपका प्रेजेन्टेशन और भी प्रभावपूर्ण दिखाई देता है।

## पिक्चर्स इन्सर्ट करना (Inserting Pictures)

PowerPoint में आप पिक्चर्स के साथ स्लाइड्स बना सकते हैं। पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए टास्क पेन के New विकल्प में Blank Presentation पर क्लिक करके खाली या ब्लैंक प्रेजेन्टेशन को खोलें। पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए आपको एक उपयुक्त स्लाइड लेआउट सिलेक्ट करने की जरूरत पड़ती है। पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए सबसे उपयुक्त लेआउट Content Layout है। Content Layouts सेक्शन में कई लेआउट होते हैं जिनमें से आप कोई भी चुन सकते हैं।

# 10

# स्लाइड लेआउट के साथ काम करना (Working with Slide Layouts)

## उद्देश्य(Objectives)


इस पीरियड के अन्त में, आप जान पाएँगे :

- अपने प्रेज़ेन्टेशन में पिक्चर्स इन्सर्ट करना।
- अपनी स्लाइड में टाइटल इन्सर्ट करना।
- कॉलम्स और टेबल्स के साथ प्रेज़ेन्टेशन बनाना।
- प्रेज़ेन्टेशन सेव करना।

Power Point प्रेज़ेन्टेशन में, आप पिक्चर्स और टेबल्स भी जोड़ सकते हैं। पिक्चर्स और टेबल्स जुड़ने के बाद आपका प्रेज़ेन्टेशन और भी प्रभावपूर्ण दिखाई देता है।

## पिक्चर्स इन्सर्ट करना (Inserting Pictures)

PowerPoint में आप पिक्चर्स के साथ स्लाइड बना सकते हैं। पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए टास्क पेन के *New* विकल्प में *Blank Presentation* पर क्लिक करके खाली या ब्लैंक प्रेज़ेन्टेशन को खोलें। पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए आपको एक उपयुक्त स्लाइड लेआउट सिलैक्ट करने की जरूरत पड़ती है। पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए सबसे उपयुक्त लेआउट *Content Layout* है। *Content Layouts* सेक्शन में कई लेआउट होते हैं जिनमें से आप कोई भी चुन सकते हैं।




चित्र 10.1: कन्टैन्ट लेआउट (Content Layout)

कन्टैन्ट लेआउट (Content Layout ) में कई आईकन्स होते हैं (देखें चित्र10.1) । आप इन विकल्पों में से प्रत्येक के बारे में जानेंगे।

इन्सर्ट टेबल (Insert Table) - इसका इस्तेमाल प्रेज़ेन्टेशन में टेबल इन्सर्ट करने के लिए किया जाता है।

इन्सर्ट चार्ट (Insert Chart) - इसका इस्तेमाल प्रेज़ेन्टेशन में चार्ट इन्सर्ट करने के लिए किया जाता है।

इन्सर्ट क्लिप आर्ट (Insert Clip Art) - इसका इस्तेमाल क्लिप आर्ट से पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए किया जाता है।

इन्सर्ट पिक्चर (Insert Picture) - इसका इस्तेमाल किसी भी पिक्चर को इन्सर्ट करने के लिए किया जाता है।

इन्सर्ट डायग्राम या ऑर्गेनाइज़ेशनल चार्ट (Insert Diagram or Organisation Chart) - इसका इस्तेमाल डायग्राम या ऑर्गेनाइजेशनल चार्ट इन्सर्ट करने के लिए किया जाता है।


इन्सर्ट मीडिया क्लिप (Insert Media Clip) - इसका इस्तेमाल आपके प्रेज़ेन्टेशन में मीडिया क्लिप इन्सर्ट करने के लिए किया जाता है।

**पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए :**

1. *Blank Presentation* को खोलें।
2. *Content Layouts* सेक्शन से पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए स्क्रोल करके लेआउट को चुनें (देखें चित्र 10.1)।


©NIIT

3. *Insert Picture* आईकन पर क्लिक करें।
4. *Insert Picture* डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है।




चित्र 10.2: Insert Picture डायलॉग बॉक्स

5. *Sample Pictures* नामक फोल्डर कुछ पिक्चर्स के साथ दिखाई देगा।
6. फोल्डर पर डबल क्लिक करें।





चित्र 10.3: Insert Picture डायलॉग बॉक्स सिलैक्ट किए हुए Water lilies के साथ

7. *Insert Picture* डायलॉग बॉक्स में से पिक्चर को चुनें।. उदाहरण: Water lilies.
8. *Insert* बटन पर क्लिक करें।

©NIIT

Picture Toolbar



चित्र 10.4: स्लाइड में इन्सर्ट हुई पिक्चर

पिक्चर *Picture* टूलबार के साथ इन्सर्ट हो जाती है। टूलबार में विभिन्न तरह के टूल्स होते हैं जिनका इस्तेमाल आपके प्रेज़ेन्टेशन में और इफेक्ट्स जोड़ने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए आप पिक्चर में दोबारा रंग भर सकते हैं, पिक्चर के आकार को दोबारा बदल सकते हैं, इत्यादि।

## टाइटल इन्सर्ट करना (Inserting a Title)

आप अपनी स्लाइड में टाइटल जोड़ सकते हैं। आप टाइटल विकल्प और टाइटल के प्रकार के साथ स्लाइड को इसमें इन्सर्ट कर सकते हैं।


यदि आपने स्लाइड को बिना टाइटल के बनाया है तो आपको इसके बारे में चिन्ता करने की ज़रूरत नहीं है। आप लेआउट के साथ टाइटल पर केवल क्लिक करें। सिलैक्ट किया हुआ लेआउट स्लाइड पर लागू हो जाता है। आप इसमें अपनी ज़रूरत के टाइटल को जोड़ सकते हैं।

**टाइटल जोड़ने के लिए**

1. टाइटल विकल्प के साथ लेआउट पर क्लिक करें। उदाहरण: Title और Content लेआउट।
2. *'Click to add title'* एरिया पर क्लिक करें।
3. अपने अनुसार टाइटल को टाइप करें।
4. बाहर की तरफ क्लिक करें।

   टाइटल इन्सर्ट हो जाएगा।


©NIIT




चित्र 10.5: Title और Content लेआउट में इन्सर्ट किया हुआ टाइटल

## कॉलम्स के साथ स्लाइड्स इन्सर्ट करना (Inserting Slides with Columns)

यह उस स्थिति पर निर्भर करता है कि आप राज्यों और उनकी राजधानियों को कहाँ एन्टर करना चाहते हैं। सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप दो कॉलम बनाएँ, एक राज्यों के लिए और एक राजधानियों के लिए।


पावरप्वाईन्ट के *Title and Column* लेआउट का इस्तेमाल इस उद्देश्य के लिए किया जा सकता है।

**कॉलम्स के साथ स्लाइड बनाने के लिए**

1. नए प्रेज़ेन्टेशन को खोलें या मौजूदा समय में खुले हुए किसी भी प्रेज़ेन्टेशन में नई स्लाइड इन्सर्ट करें।
2. टास्क पेन में *Text Layouts* से *Title* और *2-Column Text* लेआउट पर क्लिक करें।
3. दो कॉलम्स उपस्थित होंगे।
4. *'click to add text'* एरिया पर क्लिक करें और टैक्स्ट टाइप करें।



©NIIT




चित्र 10.6: दो कालम्स के साथ स्लाइड

नोट — नई स्लाइड इन्सर्ट करने के लिए, `Insert` मेन्यू पर क्लिक करें और `New Slide` विकल्प को सिलैक्ट करें।

## टेबल्स को इन्सर्ट करना (Inserting Tables)


Title and 2-Column Text लेआउट में सिर्फ दो कॉलम्स होते हैं। इन स्थितियों में जहाँ आप दो से अधिक कॉलम्स को बनाना चाहते हैं, तो आप टेबल का इस्तेमाल कर सकते हैं। टेबल में रो और कॉलम्स की संख्या कितनी भी हो सकती है। आप Title and Table लेआउट का इस्तेमाल करके टेबल को इन्सर्ट कर सकते हैं।

**टेबल के साथ स्लाइड बनाने के लिए**

1. मौजूदा प्रेज़ेन्टेशन में नया प्रेज़ेन्टेशन खोलें या नई स्लाइड को इन्सर्ट करें।
2. टास्क पेन के *Other Layouts* सेक्शन में स्क्रॉल करें और *Title and Table* लेआउट को क्लिक करें।




©NIIT




चित्र 10.7: Title and Table लेआउट

3. *Title and Table* लेआउट में टेबल आईकन पर डबल क्लिक करें।
4. *Insert Table* डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है।




चित्र 10.8 : Insert Table डायलॉग बॉक्स

5. *Insert* डायलॉग बॉक्स में अपनी ज़रूरत के अनुसार रो और कॉलम्स की संख्या को निश्चित करें।
6. *OK* बटन पर क्लिक करें।

स्लाइड में टेबल निश्चित रो और कॉलम्स की संख्या के साथ इन्सर्ट हो जाएगी। आप टेबल पर क्लिक कर सकते हैं और अपनी ज़रूरत का डाटा रो और कॉलम्स में टाइप कर सकते हैं। रो से कॉलम्स और कॉलम से रो में जाने के लिए टैब (tab) की को दबाएँ।

| | |
|---|---|
| नोट | समान्तर रूप में व्यवस्थित डाटा के संग्रह को रो कहते हैं और लम्बवत रूप में व्यवस्थित डाटा के संग्रह को कॉलम कहते हैं। |

## फाइल को सेव करना (Saving a File)

एक बार जब आप प्रेज़ेन्टेशन बना चुके हैं, तो आपको इसे भविष्य में इस्तेमाल करने के लिए सेव करना पड़ेगा। सेव करने का मतलब है डॉक्यूमैन्ट को भविष्य के इस्तेमाल के लिए सुरक्षित रखना। पावर प्वॉईन्ट फाइल की *Save as type, Presentation* होगी।

**फाइल सेव करने के लिए :**

1. *File* मेन्यू को क्लिक करें।
2. *Save* विकल्प पर क्लिक करें।

   *Save As* डायलॉग बॉक्स खुल जाता है।
3. *Save As* डायलॉग बॉक्स में से सेव करने के लिए फोल्डर को चुनें।
4. *File name* टैक्स्ट बॉक्स में फ़ाइल का नाम टाइप करें।
5. *Save* बटन पर क्लिक करें।

फाइल का जो नाम आपने टाइप किया है वह प्रेज़ेन्टेशन के टाइटल बार में दिखाई देगा।

## चर्चा के लिए (To Discuss)

**रिक्त स्थान भरिए (Fill in the blanks)**

1. आईकन  का उपयोग प्रेज़ेन्टेशन में ______________ इन्सर्ट करने के लिए किया जाता है।
2. इन्सर्ट ______________ आईकन का इस्तेमाल स्लाइड्स में पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए किया जाता है।
3. ______________ नामक लेआउट के इस्तेमाल को दो कॉलम्स के साथ इन्सर्ट किया जाता है।
4. प्रेज़ेन्टेशन में नई स्लाइड को इन्सर्ट करने के लिए, आपको ______________ मेन्यू में New Slide विकल्प को क्लिक करने की आवश्यकता पड़ती है।
5. Title and Table लेआउट टास्क पेन के ______________ लेआउट्स सेक्शन में मौजूद होता है।

## अब आप जानते हैं (Now You Know)

- स्लाइड में पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए Title and Content लेआउट को चुनें, Insert Picture विकल्प पर क्लिक करें और Insert Picture डायलॉग बॉक्स से पिक्चर को चुनें।


©NIIT

- स्लाइड में टाइटल इन्सर्ट करने के लिए लेआउट को Title विकल्प के साथ सिलैक्ट करें और टाइटल एरिया में टाइटल टाइप करें।
- मौजूदा स्लाइड का लेआउट बदलने के लिए, अपनी ज़रूरत के लेआउट पर क्लिक करें। मौजूदा स्लाइड सिलैक्ट किए हुए लेआउट में बदल जाती है।
- Title and Column लेआउट का इस्तेमाल कॉलम्स के साथ स्लाइड्स इन्सर्ट करने के लिए किया जाता है।
- Title and Table लेआउट का उपयोग स्लाइड्स में टेबल्स इन्सर्ट करने के लिए किया जाता है।

## करने के लिए (To Do)

निम्नलिखित स्लाइड्स से प्रेज़ेन्टेशन बनाएँ।

1. पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए स्लाइड लेआउट (slide layout) को चुनें।
2. 'Sample Pictures' फोल्डर से 'Blue Hills' नामक पिक्चर को इन्सर्ट करें।
3. स्लाइड को एक उपयुक्त टाइटल दें।
4. इसमें टेबल के साथ नई स्लाइड इन्सर्ट करें। टेबल मे 2 कॉलम्स और 6 रो होनी चाहिए।
5. एक कॉलम में 6 जानवरों के नाम टाइप करें और एक कॉलम में उनके बच्चों के नाम टाइप करें।